क्षा
स्कल
की
का
हान

हयोग से
संस्था
ब का
ायोजन
हट के
ां किया

लिए
छोड़न
विपक्ष
करता
तो व
रही
लगात
करने
को प्र
बीजेप
है। ि
संसद
होगी।

नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छात्राओं को मिला टेबलेट एवं स्मार्टफोन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। शनिवार को कैसरबाग स्थित नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना 2022-23 के अंतर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छात्राओं हेतु स्मार्टफोन एवं टेबलेट वितरण के कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यकम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा रहे। जिन्होने 184 स्नातक की छात्राओं को स्मार्टफोन तथा 2 स्नातकोत्तर की छात्राओं को टेबलेट प्रदान कर उनके डिजिटल सशक्तिकरण एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं स्मार्टफोन एवं टेबलेट पाकर छात्रायें भी बहुत खुश दिखी। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के प्रबंधक नीरज पाठक की उपस्थिति तथा संयोजन प्राचार्या प्रो़फ़ेसर सपना वर्मा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यकम का संचालन डॉ सुनीता ने किया।

नारी शिक्षा निकेतन महाविद्यालय में स्मार्टफोन एवं टेबलेट बांटे

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कैसरबाग के प्रांगण में, उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना 2022-23 के अतर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छात्राओं हेतु स्मार्टफोन एवं टेबलेट वितरण के कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यकम के मुख्य अतिथि डॉ0 दिनेश शर्मा जी, माननीय सांसद (राज्य सभा) एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार ने अपने कर-कमलों द्वारा 184 स्नातक की छात्राओं को स्मार्टफोन तथा 2 स्नातकोत्तर की छात्राओं को टेबलेट प्रदान कर उनके डिजिटल सशक्तिकरण एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। स्मार्टफोन एवं टेबलेट पाकर छात्रायें भी बहुत हर्षित दिखाई दी। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के प्रबंधक श्री नीरज पाठक जी की गरिमामयी उपस्थिति तथा संयोजन प्राचार्या प्रोफेसर सपना वर्मा जी के कुशल निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यकम में महाविद्यालय की स्मार्टफोन के वितरण की नोडल अधिकारी प्रो0 सीमा सिंह तथा वरिष्ठ प्रवक्ताओं प्रोफेसर वंदना उप्रेती, प्रो0 सुमन मिश्रा, प्रो0 मंजरी ख-?ना, प्रो0 सुनीता कुमार, डॉ0 अनुरक्ति चतुर्वेदी तथा समस्त प्रवक ?तायें एवं छात्रायें सम्मिलित हुई। कार्यकम का सफल संचालन डॉ0 सुनीता ने किया।

प्रमोद तिवारी ने शोभारानी कुशवाहा ने टिकट मिलने पर आभार व्यक्त किया

लखनऊ (यूएनएस)। प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष, राज्य सभा मल्लिकार्जुन खड़गे तथा राजस्थान प्रदेश के मुख्यमन्त्री अशोक गहलौत के प्रति कृतज्ञता अर्पित करते हुये आभार व्यक्त किया है कि उन्होंने भारतीय जनतापार्टी की विधायक शोभारानी कुशवाहा को विधान सभा के चुनाव में कांग्रेस पार्टी का ''टिकट'' दिया है। स्मरणीय है कि शोभारानी कुशवाहा ने भारतीय जनतापार्टी से बगावत करके खुलकर प्रमोद तिवारी के पक्ष में विधायक के रूप में राज्य सभा के चुनाव में अपना मतदान किया था। उत्तर प्रदेश की पारिवारिक पृष्ठभूमि की वजह से उन्होंने प्रमोद तिवारी के पक्ष में मतदान किया था, और उसी ने राज्य सभा के चुनाव का रुख बदल दिया था, और प्रमोद तिवारी सर्वाधिक 41 वोट पाकर राज्य सभा के सदस्य बने थे। यद्यपि की शोभारानी कुशवाहा को भारतीय जनतापार्टी ने हटाया नहीं था और न ही उन्हें पार्टी से ही निकाला था फिर भी प्रमोद तिवारी ने अपना बचन निभाया।

सशय

184 छात्राओं को मिले टैबलेट-स्मार्टफोन

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन डिग्री कॉलेज में शनिवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन बांटे गए। मुख्य अतिथि प्रो. दिनेश शर्मा ने यूजी और पीजी की 184 छात्राओं को टैबलेट, स्मार्टफोन दिए। कॉलेज के प्रबंधक नीरज पाठक, प्राचार्य प्रो. सपना वर्मा, प्रो. वंदना उप्रेती, प्रो. सुमन मिश्रा व प्रो. मंजरी खन्ना आदि उपस्थित रहे। (संवाद)